Best Start
Best Life

KINDERGARTEN
Victorian Government Approved

परिवारों के लिए सलाह: लंबे दिन की देखभाल में Free Kinder

भाग लेने वाली सेवाओं में वित्त पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रमों में नामांकित सभी बच्चों के लिए Free Kinder(निःशुल्क किंडर) उपलब्ध है।

परिवारों के लिए बचत

Free Kinder लंबे दिन की देखभाल सेवा में वित्त पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम में नामांकित बच्चों के लिए लगभग $2,000 की बचत प्रदान करता है:

- 4 साल के बच्चों के लिए, इसका मतलब 15 घंटे के किंडरगार्टन कार्यक्रम (प्रति वर्ष 600 घंटे) में नामांकित बच्चों के लिए $2,000 है।
- 3 साल के बच्चों के लिए, जो 5 से 15 घंटे के बीच के कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं, इसका मतलब है कि 15 घंटे के किंडरगार्टन कार्यक्रम में एक बच्चे के लिए लगभग $2,000 और छोटे कार्यक्रमों में भाग लेने वालों के लिए उसी आनुपात में राशि।
- कुल Free Kinder राशि हर वर्ष थोड़ी बदल सकती है। कृपया अपनी सेवा से बात करें कि आपको कितने पैसे प्राप्त होगें।

वित्त पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम वह समय है जब प्रारंभिक बचपन के योग्य शिक्षक किंडरगार्टन कार्यक्रम को चलाते हुए कमरे में होते हैं।

पात्रता

Free Kinder हर किसी के लिए है। Free Kinder का उपयोग करने का पात्र होने के लिए आपको ऑस्ट्रेलियाई नागरिक होने की आवश्यकता नहीं है। Free Kinder प्राप्त करने के लिए आपको ऑस्ट्रेलियाई सरकार बाल देखभाल सब्सिडी (Child Care Subsidy (CCS) के पात्र होने की भी आवश्यकता नहीं है।

आपका बच्चा तीन-वर्षीय किंडरगार्टन (Three-Year-Old Kindergarten) कार्यक्रम में एक वर्ष और चार-वर्षीय किंडरगार्टन (Four -Year-Old Kindergarten) कार्यक्रम में एक वर्ष का Free Kinder प्राप्त कर सकता है। आपका बच्चा एक समय में केवल एक ही सेवा में Free Kinder प्राप्त कर सकता है। आपकी किंडरगार्टन सेवा आपको यह पुष्टि करने के लिए एक फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए कहेगी कि आपका बच्चा उनकी सेवा में वित्त पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम प्राप्त कर रहा है।

Free Kinder बचत का उपयोग कैसे करें

आपकी लंबे दिन की देखभाल सेवा को आपकी ओर से विक्टोरियाई सरकार की निःशुल्क किंडर फंडिंग(Victorian Government Free Kinder funding) प्राप्त होगी।
Commonwealth चाइल्ड केयर सब्सिडी (CCS) लागू होने के बाद आपकी सेवा बचत को सीधे आपकी जेब से की जाने वाली फ़ीस में से कटौती करके देगी।

THE EDUCATION STATE

VICTORIA State Government | Department of Education

Best Start Best Life

KINDERGARTEN
Victorian Government Approved

बचत को आपकी जेब से की जाने वाली फ़ीस पर कैसे लागू किया जाता है

Free Kinder बचत पूरे वर्ष नियमित रूप से आपकी फ़ीस पर लागू की जाएगी (उदाहरण के लिए साप्ताहिक या पाक्षिक) और आपको अपने बिल(इन्वॉयस) पर 'विक्टोरियन सरकार नि:शुल्क किंडर ऑफ़सेट'('Victorian Government Free Kinder offset') के रूप में लेबल की गई राशि को स्पष्ट रूप से देखने में सक्षम होना चाहिए। प्रत्येक किंडरगार्टन सेवा यह चुन सकती है कि वे कितनी बार Free Kinder बचत लागू करेंगे और वर्ष भर में कितने सप्ताहों पर लागू करेंगे। बचत को आपकी फ़ीस पर कैसे लागू किया जाएगा, इसकी जानकारी के लिए कृपया अपनी किंडरगार्टन सेवा से सीधे बात करें।

उदाहरण

- 2024 में, एक बच्चा सप्ताह में 3 दिन उनके चार-वर्षीय किंडरगार्टन कार्यक्रम में भाग लेता है।
- किंडरगार्टन सेवा 3 दिनों के लिए $360 का शुल्क लेती है।
- परिवार को $252 की बाल देखभाल सब्सिडी (CCS) मिलती है।
- किंडरगार्टन सेवा ने वर्ष के 40 सप्ताह ($51.25 प्रति सप्ताह) के लिए $2,050 साप्ताहिक की 2024 Free Kinder बचत को लागू करने का विकल्प चुना है।
- CCS और Free Kinder ऑफ़सेट लागू होने के बाद परिवार प्रति सप्ताह $56.75 का भुगतान करता है।



यदि आपका बच्चा वर्ष के दौरान किंडरगार्टन सेवाओं को बदलता है

यदि आपका बच्चा अपने किंडरगार्टन वर्ष के दौरान किसी भिन्न लंबे दिन की देखभाल सेवा में चला जाता है, तो जिस सेवा से आप जा रहे हैं, उसे Free Kinder भुगतान प्राप्त होना बंद हो जाएगा और आपकी नई लंबे दिन की देखभाल सेवा को Free Kinder भुगतान प्राप्त होना शुरू हो जाएगा, ताकि वे इस बचत को आप को देना जारी रख सकें।

यदि आपका बच्चा किसी सत्रीय किंडरगार्टन सेवा में चला जाता है जो वर्ष के दौरान Free Kinder में भाग लेती है, तो आपका वित्त पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम नि:शुल्क होगा।

सत्रीय सेवाओं में Free Kinder के बारे में अधिक जानकारी **vic.gov.au/kinder** पर उपलब्ध है